# ज़ुल्म के खिलाफ़ आवाज़


Postal Regd. No.:MNW/308/2016-

वर्ष : ०५ | अंक : ०७ | मुंबई, शुक्रवार १८ जनवरी से २४ जनवरी २०१९ | RNI No. : MAHHIN/2014/59999 | पृष्ठ : ४ | मूल्य : २/- रुपये


# पत्रकार की हत्या के १६ साल बाद राम रहीम को उम्रकैद

### इन धाराओं के तहत दोषियों पर ऐक्शन

**पत्रकार छत्रपति हत्याकांड में पंचकूला की विशेष सीबीआई अदालत ने डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम और कृष्ण लाल को आईपीसी की धारा १२०बी (आपराधिक साजिश रचने) और ३०२ के तहत दोषी करार दिया, जबकि कुलदीप सिंह तथा निर्मल सिंह को आईपीसी की धारा ३०२ (हत्या की सजा) और १२०बी (आपराधिक साजिश) का दोषी बताया। निर्मल सिंह को आर्म्स एक्ट १९५९ के सेक्शन २५ तथा कृष्ण लाल को आर्म्स एक्ट १९५९ के सेक्शन २९ के तहत भी दोषी करार दिया गया।**



**इस्माईल खान**

**चंडीगढ़,** साध्वी यौन शोषण के मामले में सुनारिया जेल में सजा भुगत रहे डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम को पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड में सीबीआई की विशेष अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। १६ साल पुराने मामले में कोर्ट ने गुरमीत राम रहीम को उम्रकैद की सजा का ऐलान किया है। इस मामले में राम रहीम के अलावा तीन अन्य दोषियों कुलदीप सिंह, निर्मल सिंह और कृष्ण लाल को भी उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसके अलावा सभी पर ५० हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। बता दें कि कोर्ट ने हरियाणा सरकार द्वारा दी गई अर्जी के बाद सजा का ऐलान विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए किया। सजा के ऐलान से पहले सीबीआई ने कोर्ट से गुरमीत राम रहीम को फांसी देने की मांग की थी। साध्वी यौन शोषण मामले में सुनवाई के बाद पंचकूला में हिंसा की बात को ध्यान में रखते हुए पंजाब और हरियाणा में सुरक्षा व्यवस्था का खास प्रबंध किया गया। सिक्यॉरिटी के मद्देनजर सुरक्षाबल चप्पे-चप्पे पर तैनात किए गए ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी से निपटा जा सके।

### खबर प्रकाशित करने पर हुई थी हत्या

**गौरतलब है कि वर्ष २००२ में पत्रकार रामचंद्र छत्रपति की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। दरअसल, छत्रपति अपने समाचार पत्र में डेरा से जुड़ी खबरों को प्रकाशित करते थे। पत्रकार छत्रपति की हत्या के बाद परिजनों ने मामला दर्ज कराया था और बाद में इसे सीबीआई के सुपुर्द कर दिया गया। सीबीआई ने २००७ में चार्जशीट दाखिल कर दी थी और इसमें डेरा प्रमुख गुरमीत सिंह राम रहीम को हत्या की साजिश रचने का आरोपी माना था।**

## यौन उत्पीड़न, ऐसिड अटैक पीड़ितों के इलाज से इनकार करने पर

# डॉक्टर पर होगी एफआईआर

**आसिफ खान**

**मुंबई,** राज्य के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग ने गुरुवार को दिशा-निर्देश जारी किए हैं कि कोई भी डॉक्टर या चिकित्सक, यौन उत्पीड़न और ऐसिड अटैक के शिकार लोगों के इलाज से इनकार नहीं कर सकता। तुरंत और मुफ्त इलाज की सुविधा न देने पर संबंधित डॉक्टर या अस्पताल के खिलाफ आईपीसी की धारा १६६ (ब) के तहत एफआईआर दर्ज की जाएगी।

केंद्र सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्देशों के आधार पर राज्य सरकार ने भी इससे जुड़ा परिपत्र जारी किया है। नाबालिगों के यौन उत्पीड़न के पाक्सो कानून के तहत आने वाले मामलों में भी इलाज के लिए जारी दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा। निजी और सरकारी दोनों अस्पतालों को इन दिशा-निर्देशों के पालन की हिदायत दी गई है।



राज्य के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशानिर्देश के मुताबिक, जांच के लिए सहमति प्राप्त करना, पूर्व इतिहास की जानकारी लेना, चिकित्सा जांच करना, न्यायिक प्रक्रिया में इस्तेमाल के लिए नमूने सुरक्षित रखना, पुलिस को मामले की जानकारी देना साथ ही चिकित्सकीय सुविधा के साथ मानसिक और सामाजिक सहायता भी उपलब्ध कराने के निर्देश डॉक्टरों को दिए गए हैं। यह स्पष्ट किया गया है कि नियमों के तहत जांच के लिए १२ साल या उससे ज्यादा उम्र के व्यक्ति से ही सहमति ली जा सकती है। यौन उत्पीड़न और ऐसिड हमले के पीड़ितों का बिना देरी के जांच कर रिपोर्ट तैयार करना अनिवार्य है।

# अमित शाह को स्वाइन फ्लू, इलाज के लिए एम्स में भर्ती

**नई दिल्ली,** बीजेपी चीफ अमित शाह स्वाइन फ्लू से पीड़ित हैं और उन्हें इलाज के लिए एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एम्स के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ, रणदीप गुलेरिया की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। खुद अमित शाह ने भी स्वाइन फ्लू होने की जानकारी दी है। उन्होंने ट्वीट किया, 'मुझे स्वाइन फ्लू हुआ है, जिसका उपचार चल रहा है। ईश्वर की कृपा, आप सभी के प्रेम और शुभकामनाओं से शीघ्र ही स्वस्थ हो जाऊंगा।'सूत्रों के मुताबिक रात करीब ९ बजे सीने में दर्द और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत पर अमित शाह को एम्स ले जाया गया था।



इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह और बिहार से लोकसभा सांसद रामकृपाल यादव ने अमित शाह के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। राजनाथ सिंह ने ट्वीट किया, 'अमितभाई, आपके जल्द से जल्द स्वस्थ होने की मैं ईश्वर से कामना करता हूं।' रेल राज्य मंत्री मनोज सिन्हा ने भी ट्वीट कर उनके जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की है।

रामकृपाल यादव ने ट्वीट किया, 'आपके जल्द स्वस्थ होने की भगवान से प्रार्थना है।' सोशल मीडिया पर सक्रिया बीजेपी के तमाम समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने भी उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। सूत्रों के मुताबिक अमित शाह को एम्स के ओल्ड प्राइवेट वॉर्ड में भर्ती कराया गया है।

# मुंबई में डांस बार को सुप्रीम कोर्ट की इजाजत, नोट-सिक्के नहीं उछलेंगे

### अब डांस बार में क्या कर सकेंगे और क्या नहीं

१- डांस बार में एरिया और ग्राहकों के बीच दीवार नहीं होगी। सरकार ने नियम तय किया था कि ग्राहक और डांसरों के बीच एक ३ फुट ऊंची दीवार बनाई जाए, जिससे डांस तो देखा जा सके, मगर उन तक पहुंचा न जा सके।
२- कोर्ट ने कहा किमुंबई जैसे क्षेत्र में धार्मिक और शैक्षणिक स्थलों से एक किलोमीटर की दूरी पर डांस बार होने का नियम तर्कसंगत नहीं है। अब मुंबई में ज्यादा डांस बार देखने को मिल सकते हैं।
३- ग्राहक बारबालाओं को टिप दे सकते हैं, मगर वे पैसे नहीं लुटा पाएंगे।
४- कोर्ट ने कहा कि डांसर और मालिक के बीच वेतन फिक्स करना सही नहीं। ये अधिकार सरकार का नहीं, बल्कि मालिक और डांसर के बीच आपसी कॉन्ट्रैक्ट का मामला है।
५- सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद मुंबई में डांस बार शाम ६ से ११.३० तक चल सकेंगे।
६- कोर्ट ने डांस बार मे सीसीटीवी लगाने के नियम को भी खारिज किया।



**मुंबई,** सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई में डांस बार को कुछ शर्तों के साथ इजाजत दे दी है। कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार के २०१६ के कानून को वैध माना, लेकिन साथ ही कुछ नियमों में बदलाव किए हैं। डांस बार में नोट और सिक्के नहीं उड़ाए जा सकेंगे, लेकिन बार गर्ल्स को टिप दी जा सकेगी।

न्यायमूर्ति ए.के. सीकरी और न्यायमूर्ति अशोक भूषण की एक पीठ ने कहा, '२००५ से आज की तारीख तक, कोई भी लाइसेंस जारी नहीं किया गया है। नियम हो सकते हैं लेकिन उनके नाम पर पूरी तरह प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता'। फैसला सुनाते हुए, न्यायमूर्ति सीकरी ने कहा कि डांस स्टेज और पीने व खाने के लिए अलग-अलग जगह नहीं हो सकते। इसके साथ ही उन्होंने सीसीटीवी कैमरा 'आवश्यक' रूप से लगाने के भी प्रावधान को निजता का उल्लंघन करार देते हुए खारिज कर दिया। अदालत ने राज्य के कानून के हिसाब से दी गई अश्लीलता की परिभाषा को बरकरार रखते हुए कहा कि यह अस्पष्ट नहीं है।

कोर्ट ने अपने फैसले में महाराष्ट्र सरकार के कानून में अश्लीलता पर सजा के ३ साल के प्रावधान को मंजूरी दी है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद मुंबई में डांस बार अब शाम के ६ बजे से रात ११.३० बजे तक खुल सकेंगे। कोर्ट ने डांस बार में शराब परोसने और ऑर्केस्ट्रा को भी इजाजत दे दी है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि बार में किसी तरह की अश्लीलता नहीं होना चाहिए। इसके लिए महाराष्ट्र सरकार के ३ साल की सजा के प्रावधान को बरकरार रखा गया है। कोर्ट ने कहा कि डांस बार्स में सीसीटीवी लगाना जरूरी नहीं होगा। कोर्ट ने इस प्रावधान को भी हटा दिया कि डांस बार के मालिक का 'अच्छा चरित्र (कैरेक्टर)' होना चाहिए और कोई 'आपराधिक इतिहास (एंटीसिडेंट्स)' नहीं होना चाहिए। कोर्ट ने कहा, 'इस बात कि कोई सटीक परिभाषा नहीं है कि किसे अच्छा चरित्र और आपराधिक इतिहास माना जाए'।

# मनसे समर्थक साजिद ने भी छोड़ी मनसे किया एआईएमआईएम में प्रवेश

**मुंबई :** महानगर पालिका जोगेश्वरी पूर्व वार्ड क्र.७८ के मुराद हुसैन अंसारी के माध्यम से साजिद भाई ने मनसे छोड़कर एआईएमआईएम में शामिल हो गए. शाकिर पटनी (एआईएमआईएम मुंबई प्रेसिडेंट) ने खुद अपने हाथों से सत्कार किया। मनसे समर्थक साजिद भाई को पूर्व नगरसेवक के गुट का माना जाता था। साजिद शेख के एआईएमआईएम प्रवेश से मुंबई मनसे को उत्तर-पश्चिम मुंबइ और जोगेश्वरी विधानसभा वार्ड क्र. ७८ में एक और झटका लगा है। हालांकि उनके मनसे छोड़ने की अटकलें बहुत पहले से लगाई जा रही थी।









आसिफ भाई जे.जे. और मुंबई टीम के साथ साथ मुराद हुसैन ने साजिद भाई के प्रवेश पर अपनी खुशी जाहिर की और कहा कि वार्ड में भी साजिद भाई को बहुत सारे काम है, जो लोगों के हित में करना है और वार्ड क्र. ७८ की जिम्मेदारी भी लेनी है।

# आप नेता मीरा सान्याल का ५७ साल की उम्र में निधन, सीएम केजरीवाल ने जताया शोक

रॉयल बैंक, स्कॉटलैंड की पूर्व सीईओ और आप नेता मीरा सान्याल) का शुक्रवार को निधन हो गया. मिली जानकारी के अनुसार मीरा लंबी बिमारी से जूझ रही थी. मीरा सान्याल की उम्र ५७ साल थी. दिल्ली के सीएम और आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने मीरा सान्याल सान्याल की मौत पर शोक जताया है. केजरीवाल ने ट्वीट कर लिखा ' यह सुनकर बहुत दुःख हुआ. शब्दों में बयां नहीं कर सकता.आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने भी मीरा सान्याल की आकस्मिक मौत पर शोक जताया. सिसोदिया ने ट्वीट कर लिखा 'मुझे मीरा सान्याल की मौत की सुनकर बेहद दुखी हूं. आज देश ने एक तेज इकोनॉमिक दिमाग और पवित्र आत्मा को खो दिया. भगवान उनकी आत्मा को शांति दें.मीरा सान्याल देश की मजबूत महिलाओं में से एक मानी जाती थी. उनका जन्म कोचिच में १५ अक्टूबर १९६१ को हुआ. मीरा वीरता पुरस्कार प्राप्त स्व. एडमिरल गुलाब मोहनलाल हीरानंदानी की बेटी थी. मीरा माइक्रो फायनेंस और इन्वेस्टमेंट बैंकिंग के क्षेत्र में विश्व विख्यात हस्ती हैं. बैंकिंग के क्षेत्र में कार्य करने के साथ वे सामाजिक गतिविधियों से भी जुड़ी हुई हैं.अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत मीरा ने २००९ में की थीं.

# आलोक वर्मा ने तोड़ी चुप्पी, कहा- झूठे और बेहद हल्के आरोपों को आधार बनाकर किया गया तबादला

**नई दिल्ली :** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के निदेशक पद से हटाए जाने के बाद आलोक वर्मा ने पहली बार प्रतिक्रिया दी है। समाचार एजेंसी पीटीआई से बात करते हुए वर्मा ने कहा कि उनका तबादला 'झूठे, अप्रमाणित और बेहद हल्के' आरोपों को आधार बनाकर किया गया है। गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में एक उच्च अधिकार प्राप्त समीति ने भ्रष्टाचार और कर्तव्य की अवहेलना के आरोपों के चलते आलोक वर्मा को उनके पद से हटाकर उनका तबादला अग्निशमन सेवा में कर दिया था।इस मुद्दे पर अपनी चुप्पी तोड़ते हुए आलोक वर्मा ने कहा कि सीबीआई एक ऐसी संस्था है जो सार्वजनिक स्थानों पर भ्रष्टाचार से निपटने वाली एक मुख्य जांच एजेंसी के रूप में कार्य करती है और इसकी स्वतंत्रता को संरक्षित बरकरार रखा जाना चाहिए।

उन्होंने कहा 'इसे बिना किसी दवाब या बाहरी प्रभावों के बिना कार्य करना चाहिए। मैंने ऐसे समय में इस संस्था की अखंडता को बनाए रखने की कोशिश की जब इसे नष्ट करने के प्रयास किए जा रहे हैं। केंद्र सरकार और सीवीसी के २३ अक्टूबर, २०१८ के आदेशों में इसे देखा जा सकता है, जो क्षेत्राधिकार के बिना और अलग निर्धारित किए गए थे।'वर्मा ने कहा कि यह दुखद है कि 'झूठे, अप्रमाणित और बेहद हल्के' आरोपों को आधार बनाकर उनका तबादला




TRADE INQUIRY TEL. 022-2679 2484 / 022-2679 6739

## संपादकीय...

# अंतरिम बजट

भाजपा की अगुवाई वाली वर्तमान राजग सरकार का वर्ष-२०१९ का आखिरी अंतरिम बजट वित्त मंत्री अरुण जेटली एक फरवरी को पेश करेंगे। संसदीय मामलों पर हुई कैबिनेट मीटिंग (सीसीपीए) की बैठक में इस पर फैसला लिया गया। ३१ जनवरी से १३ फरवरी तक बजट सत्र चलेगा। वित्त मंत्रालय २०१९ के लिए अंतरिम बजट तैयार करने का काम पहले ही शुरू हो चुका है। मंत्रालय बजट भाषण के लिए पहले ही विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों एवं विभागों से अपनी राय देने को कह चुका है। वर्ष-२०१९ के आम चुनाव से पहले भाजपा की अगुवाई वाली वर्तमान राजग सरकार का यह आखिरी बजट है। संसद में १ फरवरी २०१९ को अंतरिम बजट पेश किया जाएगा। बजट ११ बजे पेश किया जाएगा। बजट को संसद में वित्त मंत्री अरुण जेटली पेश करेंगे। बजट का पहला सत्र १३ फरवरी तक चलेगा। २०१७ में पहली बार ऐसा हुआ कि रेल बजट और आम बजट को एक साथ पेश किया गया। मोदी सरकार ने रेल बजट और आम बजट को अलग-अलग पेश करने की परंपरा को खत्म कर दिया। अब आम बजट के साथ ही रेल बजट पेश किया जाता है। चुनाव से पहले सरकार समाज के हर वर्ग को खुश करने की कोशिश में लगी है। मिली जानकारी के अनुसार अंतरिम बजट में मोदी सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना का बजट ५० फीसदी बढ़ा सकती है। सूत्रों के मुताबिक सरकार को लगता है कि ये महत्वाकांक्षी योजना लोकसभा चुनाव में उसे मिडिल क्लास का वोट दिला सकती है। सूत्रों के मुताबिक अब पीएम आवास योजना का फायदा ज्यादा लोगों को देनें की कोशिश की जाएगी। इसके लिए सरकार अफोर्डेबल हाउसिंग फंड ५० फीसदी बढ़ा सकती है। सूत्र के मुताबिक अफोर्डेबल हाउसिंग फंड अंतरिम बजट में बढ़ सकता है। सरकार का जोर हाउसिंग फॉर ऑल स्कीम का लक्ष्य पूरा करने पर है।

# बॉलीवुड समाचार




## सेक्रेड गेम्स स्टार एल्नाज नौरोजी ने ब्रा पहनकर कराया हॉट फोटोशूट



शाहीन सय्यद

ईरानियन मॉडल और एक्ट्रेस एल्नाज नौरोजी इन दिनों बॉलीवुड में खूब चर्चा में हैं. नेटफ्लिक्स की पोपुलर वेब सीरीज 'सेक्रेड गेम्स' में रोल निभाकर एल्नाज ने दर्शकों के बीच पॉपुलैरिटी हासिल की. इस शो में एल्नाज जोया मिर्जा के रोल में नजर आई. ये प्रोजेक्ट मानों बॉलीवुड में उनके लिए बड़ा ही अहम साबित हुआ क्योंकि इसी के जरिए दर्शक उन्हें जानने लगे और देखते ही देखते सोशल मीडिया पर उनकी फैन फॉलोविंग दिन ब दिन बढ़ती ही चली गई. इंस्टाग्राम पर एल्नाज के लाखों फॉलोअर्स हैं जिनकी एक झलक पाने के लिए फैंस बेताब रहते हैं. एल्नाज भी सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस के साथ अपनी फोटोज शेयर करती रहती हैं. हाल ही में एल्नाज की एक फोटो पर खूब वायरल हो रही है. इस फोटो में एल्नाज ब्रा पहनी हुई पोज करती हुई आ रही हैं.इससे पहले भी एल्नाज की कई सारी हॉट फोटोज इंटरनेट पर वायरल हो चुकी हैं जिन्हें लाखों लाइक्स और कमेंट्स मिलते आए हैं. एल्नाज का इंस्टाग्राम अकाउंट इसी तरह से उनकी हॉट फोटोज से भरा है. आपको बता दें कि एल्नाज ने १४ साल की उम्र में ही अपने मॉडलिंग करियर की शुरुआत कर दी ती. उन्होंने कई सारे बडे ब्रैंड्स के लिए बतौर मॉडल काम किया है.

## राम जन्मभूमि फिल्म के प्रोड्यूसर डायरेक्टर के खिलाफ अँधेरी मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट कोर्ट में याचिका दायर




सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुंबई अँधेरी के डी एन नगर पुलिस स्टेशन में राम जन्मभूमि फिल्म के प्रोड्यूसर, डायरेक्टर पर एफ़ आई आर दर्ज करने से मना किये जाने पर एक ७० वर्षीय वरिष्ठ नागरिक ने अँधेरी की निचली अदालत में निजी शिकायत फ़ाइल की है।

शिकायत करता का नाम अनवर रुस्तम खान (७०) वर्षीय है अँधेरी मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट कोर्ट में फिल्म के प्रोड्यूसर वसीम रिज़वी और डायरेक्टर सुनोज मिश्रा पर याचिका दायर की. डी.एन.नगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरक्षक ने शिकायत दर्ज करने से मना करदिया था जिस के बाद अनवर रुस्तम खान ने निचली अदालत में एक याचिका दायर की.

खान के वकील एड. राइड काज़ी, एड. अकरम खान व ऐड. श्रद्धा विव्हल ने सी आर पि सी की धरा १५६ (३) के तहत मजिस्ट्रेट के सामने शिकायत फाइल की दोनों वियक्तियो पर आईपीसी की धरा 153-A, 153-B, 295-A के तहत एफ़ आई आर दर्ज की मांग की गई है.

हम आपने पाठको को बता दे की वसीम रिज़वी की फिल्म की रिलीज़ पर बॉम्बे उच नियाय्येले ने पहले ही रोक लगा चूका है . इसके अलावा जे जे मार्ग पुलिस स्टेशन में रिज़र्व पर धार्मिक भावनाओ को आहत करने पर एक निचली अदालत में याचिका भी दायर की गई है.

## मानुषी छिल्लर की होगी बॉलीवुड में एंट्री, इस बड़ी निर्देशक की फिल्म में मिल सकता है मौका

सुमन मौर्या

मानुषी छिल्लर ने साल २०१७ में मिस वर्ल्ड का खिताब जीतकर भारत का नाम रौशन किया था. अब ऐसी खबर सामने आई है कि मानुषी जल्द ही बॉलीवुड में अपने पहले कदम रख सकती हैं. पिंकविला की एक खबर के मुताबिक आज फराह खान और मानुषी छिल्लर की मुंबई में मुलाकात हुई. इस मुलाकात में फराह की अगली फिल्म के बारे में चर्चा हुई. रिपोर्ट के अनुसार फराह ने इस फिल्म पर काम करना शुरू कर दिया है. हाल ही में वह इस फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम करने गोवा भी गई थी. अगर मानुषी छिल्लर फराह खान की फिल्म से अपना बॉलीवुड डेब्यू करती हैं तो यह उनके करियर के लिए काफी अच्छा होगा. फराह खान ने दीपिका



पादुकोण को भी लॉन्च किया था. दीपिका ने फराह की फिल्म 'ओम शांति ओम' से अपने करियर की शुरुआत की थी और आज वह बॉलीवुड की सबसे सफल अभिनेत्रियों में से एक है.आपको बता दें कि साल २०१७ में भारत ने १७ साल बाद मिस वर्ल्ड का खिताब जीता था. मानुषी छिल्लर से पहले प्रियंका चोपड़ा ने साल २००० में मिस वर्ल्ड के ख़िताब पर कब्ज़ा जमाया था.


## ३ साल से लापता है 'मुन्नाभाई एमएमबीएस' का ये एक्टर, तलाशी में जुटी पुलिस के भी छूटे पसीने



संजय दत्त की फिल्म 'मुन्नाभाई एमएमबीबीएस' में नजर आ चुके एक्टर विशाल ठक्कर पिछले ३ साल से लापता हैं. उन्हें लेकर उनके परिवारवालों ने पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई थी लेकिन अब उन्हें गायब हुए ३ साल बीते चुके हैं और पुलिस अब तक उन्हें नहीं ढूंढ पाई है. बताया जा रहा है कि विशाल ३१ दिसंबर, २०१५ को अपने घर से निकले थे. लेकिन वो आज तक वापस नहीं लौटे. घर से निकलने से पहले उन्होंने अपनी मां दुर्गा को उनके साथ फिल्म 'स्टार वॉर्स: द फोर्स अवेकेन्स' देखने के लिए साथ चलने को कहा था लेकिन किसी कारण वो उनके साथ नहीं गईं. इसके बाद रात १०.३० बजे के करीब विशाल ने अपनी मां से ५०० रूपए लिए और मुलुंड स्थित अपने फ्लैट से घर की ओर चल पड़े. इसके बाद उन्होंने रात में १ बजे अपने पिता को मैसेज करके बताया कि वो किसी पार्टी में जा रहे हैं और कल ही लौटेंगे.लेकिन इसके बाद वो कभी घर नहीं लौटे. इस बात से उनका परिवार बेहद परेशान हैं. उनकी मां की उम्र अब ६० वर्ष की हैं और वो बेहद दुखी हैं क्योंकि उनके बेटे को लेकर उनका ये केस आगे नहीं बढ़ रहा. पुलिस ने बताया कि विशाल को आखरी बार १ जनवरी, २०१६ की सुबह ११.४५ को उनकी गर्लफ्रेंड के साथ देखा गया था जिसके बाद उन्होंने अंधेरी में शूटिंग पर पहुंचने के लिए ऑटो लिया था.

इसके बाद से ही विशाल का फोन बंद है और ना ही किसी अस्पताल में किसी अज्ञात व्यक्ति के होने की खबर सामने आई. इसी के साथ विशाल के बैंक अकाउंट में भी किसी भी तरह का ट्रांजेक्शन नहीं हुआ. बता दें कि विशाल पर उनकी गर्लफ्रेंड ने बलात्कार का आरोप लगाते हुए केस भी दर्ज कराया था. लेकिन बाद में उन्होंने अपनी शिकायत वापस ले ली थी. मीडिया में आई खबर के अनुसार, अपने आप पर रेप का आरोप लगने के कारण विशाल बेहद परेशान थे. पुलिस कांस्टेबल राकेश पांडे जिन्होंने ८०० गुमशुदा लोगों का केस सोल्व किया है, वो भी इस मामले को सुलझा न सके.

## सलमान खान ने दी थी कैटरीना को ठग्स और जीरो न करने की सलाह, ये थी आमिर और शाहरुख को अवॉइड करने की वजह



जब शाहरुख खान की जीरो का ट्रेलर सामने आया था, तब लग रहा था कि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जरूर कामयाब रहेगी। लेकिन हुआ इसका उल्टा ही और शाहरुख की जीरो कमाई के मामले में बहुत पीछे रह गई। जीरो में शाहरुख खान के साथ अनुष्का शर्मा और कैटरीना कैफ भी थीं। अनुष्का जहां फिल्म की लीड एक्ट्रेस थीं, वहीं कैटरीना का साइड रोल था। बहरहाल फिल्म के घाटे में जाने के बाद अब खबर आई है कि सलमान खान बिल्कुल नहीं चाहते थे कि कैटरीना इस फिल्म में काम करें।

डेकन क्रॉनिकल की एक खबर के मुताबिक, सलमान खान ने कैटरीना को खुलकर कहा था कि वो शाहरुख खान की ये फिल्म न करें। वैसे इसकी ये वजह नहीं है कि शाहरुख को लेकर अब भी उनके मन में कोई खुन्नस है। बल्कि सलमान ने फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ी थी और वो जानते थे कि इसमें कैटरीना के करने लायक कोई खास रोल नहीं है।

वैसे जीरो ही नहीं, सलमान खान ने कैटरीना को आमिर खान के साथ ठग्स ऑफ हिंदोस्तान न करने की सलाह भी दी थी। लेकिन कैटरीना ने उनकी बात पर ध्यान नहीं दिया। और अब जब उनकी दोनों बड़ी फिल्में बुरी तरह पिटी हैं तो वह एक बार फिर सलमान खान से अपने करियर के लिए सलाह ले रही हैं। कैटरीना कैफ की लास्ट हिट फिल्म सलमान के साथ टाइगर जिंदा है थी और दोनों की जोड़ी इस एक बार फिर भारत में नजर आएगी। वैसे कैटरीना के पास इसी बीच वरुण धवन के अपोजिट एबीसीडी ३ भी थी लेकिन भारत के शूटिंग शेड्यूल की वजह अब इस प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं हैं। उनकी जगह अब फिल्म में श्रद्धा कपूर ने ली है।

## झाय रिचर्डसन की तूफानी गेंदबाजी के सामने रोहित शर्मा की शतकीय पारी फीकी पड़ी, मेजबान टीम ने ३४ रनों से हराया

ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद झाय रिचर्डसन की तूफानी गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया ने पहले वनडे मैच में शनिवार को यहां भारत को ३४ रन से हराकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में १०००वीं जीत दर्ज की. ऑस्ट्रेलिया के २८९ रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम रिचर्डसन (२६ रन पर चार विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने रोहित शर्मा (१३३) के २२वें शतक के बावजूद नौ विकेट पर २५४ रन ही बना सकी. इस मैच में पदार्पण कर रहे जेसन बेहरनडोर्फ ने ३९ जबकि मार्कस स्टोइनिस ने ६६ रन देकर दो-दो विकेट चटकाए.रोहित शर्मा ने १२९ गेंद की अपनी पारी में १० चौके और छह छक्के मारे. उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी (५१) के साथ चौथे विकेट के लिए उस समय १३७ रन की साझेदारी की जब भारत चार रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद संकट में था. भारतीय टीम हालांकि इस खराब शुरुआत से नहीं उबर सकी और रन गति के लिहाज से कभी लक्ष्य हासिल करने के करीब नहीं दिखी.इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने पीटर हैंड्सकोंब (७३), उस्मान ख्वाजा (५९) और शान मार्श (५४) के अर्धशतक से पांच विकेट पर २८८ रन बनाए. हैंड्सकोंब ने ६१ गेंद की अपनी पारी में छह चौके और दो छक्के मारे. उन्होंने स्टोइनिस (४३ गेंद में नाबाद ४७, दो छक्के, दो चौके) के साथ पांचवें विकेट के लिए ६८ रन की साझेदारी भी की जिससे टीम अंतिम सात ओवर में ८० रन जोड़ने में सफल रही.भारत की ओवर से कुलदीप यादव ने ५४ जबकि भुवनेश्वर कुमार ने ६६ रन देकर दो विकेट चटकाए. रविंद्र जडेजा ने ४८ रन देकर एक विकेट हासिल किया. मोहम्मद शमी ने १० ओवर में सिर्फ ४६ रन



खर्च किए लेकिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिला.बता दें कि फरवरी २०१७ से २४ एकदिवसीय मैचों में यह ऑस्ट्रेलिया की ये सिर्फ चौथी जीत है. लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने चौथे ओवर में चार रन तक ही तीन विकेट गंवा दिए. बेहरेनडोर्फ ने पहले ओवर की अंतिम गेंद पर शिखर धवन (००) को पगबाधा किया जबकि रिचर्डसन ने अपने दूसरे ओवर में विराट कोहली (०३) को स्टोइनिस के हाथों कैच कराने के बाद अंबाती रायुडू (००) को पगबाधा किया. रायुडू ने डीआरएस का भी सहारा लिया लेकिन उन्हें पवेलियन लौटना पड़ा.इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने टास जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन तीसरे ओवर में ही भुवनेश्वर ने कप्तान आरोन फिंच (११) को बोल्ड करके १००वां विकेट हासिल किया. सलामी बल्लेबाज एलेक्स कैरी (२४) ने कुछ आकर्षक शाट खेले लेकिन १०वें ओवर में कोहली ने जब गेंद कुलदीप यादव को थमाई तो कैरी इस चाइनामैन स्पिनर पर चौका जड़ने के बाद स्लिप में रोहित को कैच दे बैठे.

ख्वाजा और मार्श ने ९२ रन जोड़कर पारी को संवारा. ख्वाजा ने जडेजा पर चौके के साथ २३वें ओवर में टीम का स्कोर १०० रन के पार पहुंचाया और फिर खलील की गेंद पर एक रन के साथ ७० गेंद में अर्धशतक पूरा किया. वह हालांकि इसके बाद अधिक देर नहीं टिक सके और जडेजा की गेंद को स्वीप करने की कोशिश में पगबाधा हो गए. उन्होंने ८१ गेंद का सामना करते हुए छह चौके मारे.मार्श को हैंड्सकोंब के रूप में उम्दा जोड़ीदार मिला. दोनों ने रन गति में इजाफा किया. हैंड्सकोंब ने भुवनेश्वर पर लगातार दो चौके मारे जबकि मार्श ने खलील पर चौके के साथ ६५ गेंद में अर्धशतक पूरा किया. कोहली ने एक बार फिर साझेदारी तोड़ने के लिए कुलदीप पर भरोसा किया और इस स्पिनर ने मार्श को लांग आन पर शमी के हाथों कैच कराके चौथे विकेट की ५३ रन की साझेदारी का अंत किया. मार्श ने ७० गेंद का सामना करते हुए चार चौके मारे.हैंड्सकोंब ने स्टोइनिस के साथ मिलकर ४२वें ओवर में टीम का स्कोर २०० रन के पार पहुंचाया. इस बीच ४५ गेंद तक कोई बाउंड्री नहीं लगी. स्टोइनिस ने कुलदीप पर छक्के के साथ बाउंड्री के सूखे को खत्म किया. हैंड्सकोंब ने भी इसी ओवर में छक्के के साथ सिर्फ ५० गेंद में अर्धशतक पूरा किया.हैंड्सकोंब ने भुवनेश्वर के ओवर में दो चौके मारे. इस तेज गेंदबाज के अगले ओवर में वह हालांकि भाग्यशाली रहे जब फाइन लेग पर गेंद रायुडू के हाथ से टकराकर छह रन के लिए चली गई. वह हालांकि अगली ही गेंद पर एक्स्ट्रा कवर पर धवन को कैच दे बैठे.

## IND VS AUS : दूसरा वनडे जीतकर विराट कोहली ने की धोनी की तारीफ

ऐडिलेड, भारत ने ऐडिलेड वनडे में ऑस्ट्रेलिया को ६ विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में १-१ से बराबरी कर ली है। भारत के सामने जीत के लिए २९९ रनों का लक्ष्य था जिसे उसने आखिरी ओवर में हासिल कर लिया। भारत की ओर से कप्तान विराट कोहली ने सबसे ज्यादा १०४ रन बनाए। वहीं महेंद्र सिंह धोनी ने ५५ रनों की पारी खेली। मैच के बाद प्रजेंटेशन में कोहली इस जीत पर काफी खुश नजर आए और उन्होंने धोनी की खुलकर तारीफ की। धोनी ने कोहली के साथ मिलकर भारत को मैच में बनाए रखा और फिर जब आखिरी ओवर में भारत को सात रनों की जरूरत थी उन्होंने पहली ही गेंद पर छक्का लगाकर मैच पर भारत की जीत की मुहर लगा दी। कोहली ने कहा कि आज महेंद्र सिंह धोनी की क्लासिक पारी देखने को मिली। उन्होंने कहा कि ५० ओवर तक विकेटकीपिंग करने के बाद ऐसी पारी खेलना आसान नहीं होता। कोहली ने कहा, 'धोनी मैच को आखिर तक ले गए और फिर उसे खत्म किया। केवल धोनी ही जानते थे कि उनके दिमाग में क्या चल रहा है।'

कोहली ने कहा कि धोनी को अपनी इस क्षमता पर यकीन था कि वह बड़े शॉट्स खेलकर मैच को खत्म कर सकते हैं। कोहली ने १४ गेंदों पर २५ रनों की पारी खेलने वाले दिनेश कार्तिक की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि कार्तिक ने तेज खेलकर धोनी से दबाव कम किया। अपने वनडे करियर की ३९वीं सेंचुरी लगाने वाले भारतीय कप्तान ने इस मौके पर कहा कि धोनी काफी कूल रहते हैं। वह मुझे भी मैच के दौरान शांत रखने का प्रयास कर रहे थे ताकि मैं कोई खराब शॉट न खेलूं। कोहली ने आलोचकों को जवाब देते हुए कहा इसमें कोई शक ही नहीं कि धोनी को इस टीम का हिस्सा होना ही चाहिए।

## विदेश न्युज

# पत्नी समझकर बेटी के साथ किया सेक्स, आरोपी पिता को मिली ढाई साल की सजा

**डेनमार्क:** पिता और बेटी का रिश्ता बेहद पवित्र माना जाता है, लेकिन डेनमार्क में एक कलयुगी पिता की शर्मनाक करतूत सामने आई है. खबरों की मानें तो एक ५० वर्षीय व्यक्ति ने पत्नी समझकर अपनी बेटी के साथ ही संबंध बना लिया. बताया जा रहा है कि जिस दिन उसने अपनी बेटी के साथ सेक्स किया उसी दिन उसकी दूसरी शादी थी. आरोपी पिता का कहना है कि उसे लगा वह अपनी पत्नी के साथ सेक्स कर रहा है. हालांकि बेटी के साथ रेप करने के मामले में आरोपी पिता को ढाई साल की सजा सुनाई गई है.डेनमार्क के कॉल्डिंग में यह घटना अगस्त २०१८ में हुई थी, जब आरोपी ने अपनी दूसरी शादी की रिसेप्शन पार्टी रखी थी और उसमें उसकी पहली पत्नी की २० वर्षीय बेटी भी शामिल हुई थी. बताया जाता है कि आरोपी पिता और उसकी बेटी सालों से एक-दूसरे के संपर्क में नहीं थे और फिर साल २०१७ में क्रिसमस के मौके पर दोनों मिले. उसी दौरान आरोपी ने अपनी बेटी को दूसरी शादी में आने का निमंत्रण दिया था.'द सन' में छपी एक रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी की बेटी ने उस रात ब्राइडल सूट पहन रखा था. उसने बहुत शराब पी थी और नशे की हालत में वो अपने कमरे तक नहीं पहुंच पाई, जिसके बाद उसके पिता और कुछ मेहमानों ने उसे बिस्तर तक पहुंचाया.कोर्ट में दिए गए बयान के मुताबिक, करीब डेढ़ घंटे के बाद पिता एक ही बिस्तर पर अपनी बेटी और नई पत्नी के बीच सो गया. कोर्ट में दलील पेश करते हुए आरोपी व्यक्ति ने बताया कि उसे बिल्कुल याद नहीं कि उस रात क्या हुआ था. इसके साथ ही उसने बेटी द्वारा लगाए गए रेप के आरोपों को भी खारिज कर दिया. गौरतलब है कि इस घटना के कुछ दिन बाद आरोपी ने अपनी बेटी को मैसेज भेजकर अपने किए के लिए माफी मांगी और उससे कहा कि उसे लगा वो अपनी पत्नी के साथ सेक्स कर रहा था. हालांकि लड़की ने उस घटना के बाद अपने पिता से पूरी तरह से संपर्क खत्म कर लिया और बेटी की इज्जत को तार-तार करने के आरोप में आरोपी पिता को ढाई साल की सजा मिली है.

### पाकिस्तान का बड़ा फैसला

# १४ फरवरी को VALENTINE'S DAY नहीं बल्कि यूनिवर्सिटी में मनाया जाएगा SISTER'S DAY

दुनियाभर में १४ फरवरी के दिन वेलेंटाइन डे (Valentine Day) के रूप में सेलिब्रेट किया जाता है. इस दिन प्यार करने वाले जोड़े एक-दूसरे के साथ समय बिताते हैं और गिफ्ट देते हैं. लेकिन इसे लेकर भारत में विरोध भी देखा गया है. जहां इसे न मानाने की कुछ संगठन हिदायद तक जारी कर देते हैं. वैसे इस दिन इस दिन लोग, प्रपोज और तोहफों के साथ अपने प्यार का इज़हार करते हैं. लेकिन इसी दिन को लेकर पाकिस्तान में भी एक अजीबोगरीब फैसला लिया गया है. पाकिस्तान की एक यूनिवर्सिटी ने १४ फरवरी को 'सिस्टर्स डे' (Sisters' Day) मनाए जाने का फैसला लिया गया है.

बता दें कि पाकिस्तान का एक विश्वविद्यालय इस्लामी रिवायतों (protect Islamic traditions) को बढ़ावा देने के लिए १४ फरवरी को 'सिस्टर्स डे' (बहन दिवस) मनाएगा. इस बात की जानकारी विश्वविद्यालय के कुलपति ने दी है. पाकिस्तानी न्यूज डॉन न्यूज ने खबर दी है फैसलाबाद के कृषि विश्वविद्यालय (University of Agriculture Faisalabad) के कुलपति जफर इकबाल रंधावा और अन्य निर्णय करने वालों ने तय किया है कि छात्राओं को स्कार्फ और अबाया (कपड़ा) तोहफे में दिया जा सकते है. वहीं इसके पीछे की मंशा यह है कि पाकिस्तान की तहज़ीब और इस्लाम के मुताबिक है.

कुलपति रंधावा ने कहा कि विश्वविद्यालय इस्लामी रिवायतों को बढ़ावा देने के लिए' १४ फरवरी को 'सिस्टर्स डे. मनाएगा. डॉन न्यूज टीवी से बात करते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता है कि सिस्टर्स डे मनाने का उनका सुझाव काम करेगा या नहीं. उन्होंने दावा किया कि सिस्टर्स डे मनाने से लोगों को यह एहसास होगा कि पाकिस्तान में बहनों को कितना प्यार मिलता है.

# प्रधानमंत्री डरे हुए हैं, वह सो नहीं सकते: राहुल गांधी



**नयी दिल्ली।** आलोक वर्मा को सीबीआई निदेशक पद से हटाए जाने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि राफेल मामले का डर प्रधानमंत्री के दिमाग में घूम रहा है जिस वजह से वह सो भी नहीं सकते। गांधी ने ट्वीट करके कहा, 'मोदी जी, के दिमाग में डर घूम रहा है। वह सो नहीं सकते। उन्होंने वायुसेना से ३० हजार करोड़ रुपये की चोरी की और अनिल अंबानी को दिए।' उन्होंने कहा, 'सीबीआई प्रमुख आलोक वर्मा को दो बार हटाना स्पष्ट रूप से यह दिखाता है कि प्रधानमंत्री अब अपने ही झूठ से घिर चुके हैं। सत्यमेव जयते।' गौरतलब है कि राफेल मामले को लेकर गांधी प्रधानमंत्री पर निशाना साधने के साथ अनिल अंबानी पर भी आरोप लगाते हैं। अंबानी समूह उनके आरोपों को पहले ही खारिज कर चुका है। उधर, सीबीआई निदेशक को हटाए जाने के बाद कांग्रेस ने आरोप लगाया कि वर्मा को हटाने के इस कदम से फिर साबित हो गया है कि मोदी राफेल मामले की जांच से डरे हुए हैं। पार्टी ने आधिकारिक ट्वीट में कहा, ''अपना पक्ष रखने का मौका दिए बिना आलोक वर्मा को हटाकर प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार फिर दिखाया है कि वह राफेल मामले की किसी भी तरह की जांच से डरे हुए हैं, चाहे वह सीबीआई निदेशक द्वारा जांच हो या जेपीसी की जांच हो।''

दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में उच्चाधिकार प्राप्त चयन समिति की मैराथन बैठक के बाद आलोक वर्मा को गुरुवार को सीबीआई निदेशक पद से हटा दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि १९७९ बैच के एजीएमयूटी कैडर के आईपीएस अधिकारी वर्मा को भ्रष्टाचार और कर्तव्य निर्वहन में लापरवाही के आरोप में पद से हटाया गया। इसके साथ ही एजेंसी के इतिहास में इस तरह की कार्रवाई का सामना करने वाले वह सीबीआई के पहले प्रमुख बन गए हैं।

# मुंबई के लोगों को राहत, HC के दखल के बाद BEST कर्मचारियों की हड़ताल खत्म, बस सेवाएं शुरू



**मुंबई,** मुंबई में बेस्ट (बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिसिटी सप्लाइ ऐंड ट्रांसपॉर्ट) कर्मचारियों की एक हफ्ते से ज्यादा अरसे से चल रही हड़ताल आखिरकार खत्म हो गई है। बेस्ट कर्मचारी यूनियन इस संबंध में बॉम्बे हाई कोर्ट के दखल देने के बाद हड़ताल वापस लेने पर राजी हो गई है। बता दें कि पिछले ९ दिन से बेस्ट के करीब ३० हजार कर्मचारी हड़ताल पर थे। हड़ताल की वजह से मुंबई के करीब २८ लाख लोगों को काफी मुश्किल झेलनी पड़ रही थी।

हाई कोर्ट ने बेस्ट की मांगों को देखने के लिए एक रिटायर्ड जस्टिस को नियुक्त करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही इन्क्रिमेंट के लिए एक दस सूत्रीय सुझाव दिया है। हाई कोर्ट के कदम पर बेस्ट कर्मचारी यूनियन ने सहमति जताई है। इसके साथ ही बेस्ट की हड़ताल खत्म होने का रास्ता साफ हो गया है।

**इन मांगों को लेकर थी बेस्ट की हड़ताल**

बेस्ट की सबसे अहम मांग बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के बजट में बेस्ट को शामिल करने की थी। जिससे नुकसान में चल रही बेस्ट सेवा का घाटा बीएमसी के कोष से पूरा किया जा सके। बीएमसी में सत्ताधारी शिवसेना इसके लिए तैयार नहीं थी। हालांकि, महाराष्ट्र सरकार बेस्ट का बजट बीएमसी में जोड़ने के लिए तैयार है। बेस्ट कर्मचारी संगठन आर्थिक सुधारों का भी विरोध कर रहे हैं।

बेस्ट की खस्ता हालत को सुधारने के लिए आर्थिक सुधारों की पैरवी की जा रही है। इसी क्रम में प्राइवेट ठेकेदार से बसें लेकर उसे रास्तों पर चलवाने का इरादा है। कर्मचारी यूनियन इसे निजीकरण बताकर इसका विरोध कर रहे हैं। जूनियर ग्रेड के कर्मचारियों की पदोन्नति दूसरा अहम मुद्दा है। इसके लिए भी प्रशासन राजी नहीं है। इसके अलावा बोनस पेमेंट, पूर्व स्टाफ के लिए ग्रैच्युटी, स्टाफ क्वॉर्टर और जूनियर स्टाफ के लिए ग्रेडेशन जैसी अन्य मांगों के लिए प्रपोजल बनाने की भी मांग थी।

## कुंभ २०१९: प्रयागराज के मेले में सिलेंडर फटने से लगी भीषण आग, दर्जनभर टेंट जलकर राख

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में मंगलवार से शुरू होने वाले कुंभ मेले में हादसे की खबर है. रिपोर्ट के मुताबिक, मेले में सिलेंडर फटने से काफी नुकसान हुआ है. सिलेंडर दिगम्बर अखाड़े में फटा है जिसके बाद अखाड़े के टेंट को काफी नुकसान हुआ है और यहां रखे सामान जलकर राख हो गए हैं. बताया जा रहा है कि दिगम्बर अखाड़े में लगी आग से पास के दूसरे टेंट को भी नुकसान पहुंचा है. आग लगने की घटना के बाद फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं. टेंट में रखे साधु-संतों के सामान जलकर राख हो गए. बहरहाल, प्रशासन का कहना है कि आग बुझा लिया गया है और अब उस जगह को साफ किया जा रहा है. इस हादसे में न किसी की मौत हुई है और न ही कोई घायल हुआ है. उधर, साधु-संतों में इस घटना के बाद से काफी नाराजगी है. उनका कहना है कि इस हादसे में हमें नुकसान हुआ है. हमारी मांग है कि सरकार व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त कराए. बता दें कि कुंभ मेले की औपचारिक शुरुआत मंगलवार से हो रही है. १५ जनवरी को मकर संक्राति के दिन शाही स्नान होगा.

कुंभ मेले पर पूरे देश के साथ ही दुनियाभर की नजरें टिकी हुई हैं. कुंभ मेले के भव्य आयोजन के लिए उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने बड़े पैमाने पर तैयारियां की हैं. कुंभ मेले में शामिल होने के लिए लाखों साधु-संत प्रयागराज पहुंच रहे हैं.

## महाराष्ट्र में दर्दनाक हादसा: श्रद्धालुओं से खचाखच भरी नाव नर्मदा नदी में पलटी, ६ डूबे, कई लापता

महाराष्ट्र के नंदूरबार जिले में एक दर्दनाक हादसा हुआ है. बताया जा रहा है कि नर्मदा नदी में श्रद्धालुओं से खचाखच भरी एक नाव पलट गई है. घटना मंगलवार दोपहर की बताई जा रही है. खबरों के मुताबिक यह हादसा नाव पर ज्यादा लोगों के सवार हो जाने से वजन बढ़ने से हुआ है. फिलहाल राहत बचाव कार्य जारी है. हादसे में अब तक छह लोगों की मौत होने की सूचना है. जबकि कई लोग लापता बताए जा रहे है. जानकारी के मुताबिक हादसे के दौरान नाव पर ६० से ज्यादा लोग सवार थे. सभी मकर सक्रांति के अवसर पर जल पूजन के लिए नदी के दूसरी ओर गए हुए थे. लेकिन नाव पर क्षमता से अधिक लोग सवार होने के कारण बीच नदी में नाव पलट गई. हादसे के बाद नाव में सवार अधिकतर लोगो ने खुद तैर कर अपनी जान बचाई. हादसे के तुरंत बाद गांव वाले पीड़ितों की मदद के लिए पहुंचे और ३९ लोगों को निकालने में कामयाब रहे. अब तक मिल रही सूचना के अनुसार मृतकों में तीन लड़के व दो महिलाएं शामिल हैं. जिस जगह नाव डूबी वहां नदी की गहराई काफी ज्यादा है. एक अधिकारी ने बताया कि अब तक कुल ३६ लोगों को बचाया गया है और उन्हें एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है. मृतक उत्तर महाराष्ट्र के आदिवासी बहुल जिला में नदी तट पर स्थित गांवों के निवासी है. अधिकारी ने बताया कि बचाव कार्य चल रहा है.

# आजाद भारत के पहले सेनाध्यक्ष को समर्पित है ये दिन, पाक राष्ट्रपति भी करता था इनके जज्बे को सलाम

भारतीय थल सेना हर साल १५ जनवरी को (सेना दिवस) मनाती है. सेना दिवस के मौके पर स्वतंत्र भारत के पहले भारतीय सेनाध्यक्ष के. एम. करिअप्पा के पद ग्रहण उपलक्ष्य को बड़े धूमधाम से मनाया जाता है. करिअप्पा ने १५ जनवरी १९४९ को ब्रिटिश राज के समय के भारतीय सेना के अंतिम अंग्रेज शीर्ष कमांडर जनरल रॉय फ्रांसिस बुचर (उार्हीत एिँ ईंहम्ेँलूम्पी) से यह पदभार ग्रहण किया था. रिटायरमेंट के ३३ साल बाद करिअप्पा को फील्ड मार्शल की उपाधि से नवाजा गया था. यह दिन सैन्य परेडों, सैन्य प्रदर्शनियों व अन्य आधिकारिक कार्यक्रमों के साथ दिल्ली व सभी सेना मुख्यालयों में मनाया जाता है.

२८ जनवरी १८९९ में कर्नाटक के कुर्ग में शनिवर्सांथि नामक स्थान पर करिअप्पा का जन्म हुआ था. करिअप्पा को घर के सभी लोग प्यार से 'चिम्मा' कहकर पुकारते थे. करिअप्पा ने महज २० साल की आयु में ब्रिटिश भारतीय सेना में नौकरी शुरू की थी. करिअप्पा ने सेकेंड लेफ्टिनेंट पद पर सेना में नौकरी की शुरुआत की थी. करिअप्पा ने साल १९४७ के भारत-पाक युद्ध में पश्चिमी सीमा पर सेना का नेतृत्व किया था. १५ जनवरी १९४९ में उन्हें भारत का सेना प्रमुख नियुक्त किया गया था. इसी उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष १५ जनवरी को सेना दिवस के तौर पर मनाया जाता है.

करिअप्पा को आजादी के वक्त दोनों देशों की सेनाओं के बंटवारे की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, जिसे उन्होंने पूरी ईमानदारी से निभाया था. करिअप्पा साल १९५३ में सेना से रिटायर हो गए थे. करिअप्पा ने अपनी सर्विस के दौरान कई कारनामे किए लेकिन रिटायरमेंट के बाद उनकी जिंदगी का एक ऐसा प्रसंग है जिसने उन्हें सबसे महान सैनिक बना दिया था. १९६५ के भारत-पाक युद्ध के दौरान करिअप्पा रिटायर होकर कर्नाटक में रह रहे थे. उनका बेटा के. सी. नंदा करिअप्पा उस वक्त भारतीय वायुसेना में फ्लाइट लेफ्टिनेंट था. युद्ध के दौरान उनका विमान पाकिस्तान बॉर्डर में प्रवेश कर गया, जिसे पाक सैनिकों ने गिरा दिया. नंदा ने विमान से कूदकर जान तो बचा ली, लेकिन पाक सैनिकों ने उन्हें कब्जे में ले लिया.

इस वक्त पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान थे. अयूब खान कभी करिअप्पा के जूनियर थे और भारतीय सेना में नौकरी कर चुके थे. नंदा के पकड़े जाने का पता अयूब खान को चला तो उन्होंने तुरंत के. एम. करिअप्पा को फोन किया और बताया कि वह उनके बेटे को रिहा कर रहे हैं. इस पर करिअप्पा ने बेटे का मोह त्याग कर कहा कि वो सिर्फ मेरा बेटा नहीं, भारत मां का लाल है. उसे रिहा करना तो दूर कोई सुविधा भी मत देना. करिअप्पा ने अयूब खान से कहा कि या तो आप सभी युद्धबंदियों को रिहा करें या फिर किसी को नहीं. हालांकि युद्ध खत्म होने के बाद सभी युद्धबंदियों को रिहा कर दिया गया.

# २०१९ में कांग्रेस के लिए रघुराम राजन बनेंगे तुरूप का इक्का?

नई दिल्ली, कांग्रेस पार्टी आम चुनाव में लोगों के बीच रोजगार को सबसे बड़ा मुद्दा बनाने जा रही है। मोदी सरकार के पांच वर्षों के कामकाज की सबसे बड़ी विफलता के रूप में रोजगार के मुद्दे को पेश करते हुए पार्टी अपने घोषणा पत्र में विस्तार से रोडमैप पेश करेगी कि रोजगार कैसे और किस तरह पैदा करेंगे? इसके लिए पार्टी विजन डॉक्युमेंट बना रही है, जिसमें रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन अहम भूमिका बना रहे हैं। दरअसल, उन्होंने एक डीटेल रिपोर्ट इस संबंध में बनाई है, जिसका उपयोग पार्टी करेगी। हालांकि रघुराम राजन पार्टी में शामिल होंगे या कोई भूमिका होगी या नहीं, अभी इस बारे में कुछ भी नहीं बताया जा रहा है। पार्टी के एक सीनियर नेता ने स्वीकार किया कि उन्होंने रोजगार के बारे में एक डीटेल रिपोर्ट दी है जिसे कांग्रेस के घोषणा पत्र में जगह दी जा सकती है। आपको बता दें कि रघुराम राजन की विवादित स्थिति में रिजर्व बैंक से विदाई हुई थी। वह पूर्व में मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों की कई बार सार्वजनिक आलोचना कर चुके हैं। वह मोदी सरकार के दौरान २०१६ में हुए नोटबंदी के भी कटु आलोचक रहे हैं। अब रोजगार के मुद्दे पर कांग्रेस को अपनी रिपोर्ट देने के बाद पूर्व गवर्नर को लेकर सियासी अटकलें तेज हो गई हैं।

## रोजगार पर राहुल करेंगे देशभर में टाउन हॉल प्रोग्राम

कांग्रेस के सीनियर नेता और राहुल गांधी के करीबी सैम पित्रोदा ने एनबीटी को बताया कि रोजगार निश्चित तौर पर सबसे बड़ा मुद्दा रहेगा और पार्टी इसके लिए हर सुझाव को शामिल कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी इस मुद्दे पर देश के अलग-अलग हिस्से में टाउन हॉल प्रोग्राम करेंगे जो पार्टी के कैंपेन का अहम हिस्सा होगा। ऐसे करीब एक दर्जन कार्यक्रम तैयार किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बीजेपी की तरह दो करोड़ रोजगार देने जैसी कोरी घोषणा नहीं करेगी बल्कि वह रोजगार को किस तरह और कैसे पैदा करेगी, इस बारे में साफ-साफ रोडमैप होगा। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस के घोषणा पत्र में खासकर असंगठित क्षेत्र में रोजगार को सबसे अधिक हाइलाइट किया जाएग।

## राकेश अस्थाना को दिल्ली हाई कोर्ट से झटका, FIR रद्द करने की याचिका खारिज, जारी रहेगी जांच

दिल्ली हाई कोर्ट ने सीबीआई के विशेष डायरेक्टर राकेश अस्थाना और डिप्टी एसपी देवेंद्र कुमार की सभी याचिकाएं खारिज कर दी है याचिका में दोनों अधिकारियों ने अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग की थी. दिल्ली हाईकोर्ट ने सीबीआई के विशेष निदेशक राकेश अस्थाना को राहत नहीं दी है. उनके खिलाफ जांच जारी रहेगी. हाई कोर्ट ने १० हफ्ते में जांच पूरा करने का आदेश दिया है. हाई कोर्ट ने यह फैसला अस्थाना, देवेंद्र कुमार और प्रसाद की याचिकाओं पर सुनाया.सीबीआई निदेशक आलोक वर्मा ने कहा था कि अस्थाना के खिलाफ रिश्वतखोरी के आरोपों में □□□ दर्ज करते समय सभी अनिवार्य प्रक्रियाओं का पालन किया गया था. शिकायतकर्ता हैदराबाद के कारोबारी सतीश बाबू सना ने आरोप लगाया था कि उसने एक मामले में राहत पाने के लिए रिश्वत दी थी. सना ने अस्थाना के खिलाफ भ्रष्टाचार, जबरन वसूली, मनमानापन और गंभीर कदाचार के आरोप लगाए थे. सीबीआई के डीएसपी देवेंद्र कुमार के खिलाफ भी FIR दर्ज की गई थी.बता दें कि सीबीआई ने १५ अक्टूबर २०१८ को अस्थाना के खिलाफ इ्दिं दर्ज करके उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए थे. कारोबारी सतीश बाबू सना की शिकायत के आधार पर आरोप लगे हैं. सना से मोइन कुरैशी मामले की जांच कर रही अस्थाना की विशेष टीम ने पूछताछ की थी. कारोबारी ने आरोप लगाया था कि दुबई के एक बिचौलिये ने विशेष निदेशक से उसके कथित संबंधों की मदद से दो करोड़ रुपये की रिश्वत के बदले उनके लिए राहत का प्रस्ताव रखा.

# BJP को हराने के लिए साथ आए SP-BSP

**लखनऊ:** बहुजन समाज पार्टी यानी बीएसपी सुप्रीमो मायावती ने शनिवार को औपचारिक रूप से गठबंधन का ऐलान करते हुए कहा है कि उनकी पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी. इस मौके पर संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बीएसपी सुप्रीमो ने अखिलेश के चाचा शिवपाल यादव के बार में कुछ ऐसा कहा कि पूरा प्रेस कॉन्फ्रेंस हाल हंसी के ठहाको से गूंज उठा. यहां खास बात तो यह है कि मायावती की इस चुटकी पर अखिलेश यादव भी अपनी हंसी रोक नहीं पाए और वो भी हंस पड़े.

दरअसल, अखिलेश यादव के चाचा शिवपाल यादव ने सपा से अलग होकर अपनी एक नई पार्टी बनाई है. इस पर चुटकी लेते हुए मायावती ने कहा कि पर्दे के पीछे जिस तरह से बीजेपी शिवपाल यादव पर पानी की तरह पैसा बहा रही है वो सब बेकार चला जाएगा, क्योंकि शिवपाल यादव की पार्टी समेत मुस्लिमों, दलितों और पिछड़ों के नाम पर बनाई गई पार्टियों और बीजेपी के संगठन के द्वारा मैदान में उतारे गए प्रत्याशियों को यूपी की जनता अपना वोट नहीं देगी. इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मायावती ने बीजेपी पर तंज कसते हुए कहा कि हमारे गठबंधन से डरकर ही बीजेपी अखिलेश यादव का नाम खनन घोटाले में घसीट रही है, लेकिन बीजेपी की इस हरकत से एसपी और बीएसपी का गठबंधन कमजोर नहीं बल्कि और भी मजबूत हुआ है. गौरतलब है कि मायावती ने इस गठबंधन को एक नई राजनीतिक क्रांति करार दिया है और कहा है कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह की नींद उड़ा देगा. उन्होंने कहा कि इस गठबंधन के पास बीजेपी को फिर से सत्ता में आने से रोकने की ताकत है. बता दें कि दोनों पार्टियां प्रदेश की ८० सीटों में से ३८-३८ सीटों पर चुनाव लड़ेगी, बाकी २ सीटों को सहयोगी पार्टियों के लिए छोड़ा गया है.

## क्या मुंबई में हैं लाखों जाली वोटर, मुंबई कांग्रेस प्रमुख संजय निरूपम का आरोप

**मुंबई:** मुंबई कांग्रेस प्रमुख संजय निरूपम ने बुधवार को आरोप लगाया कि मुंबई और महाराष्ट्र में लाखों जाली मतदाता पंजीकृत हैं। उन्होंने कहा, 'कई (वास्तविक) मतदाता हैं, जिनका दावा है कि उन्हें अपना वोटर पहचान पत्र नहीं मिला है। या तो ये कांग्रेस के मतदाता हैं या फिर वे अल्पसंख्यक समुदाय के लोग हैं।' कांग्रेस नेता ने दावा किया कि मगाठाणे विधानसभा क्षेत्र में उन्होंने ६३८ मतदाता पहचान पत्र की पड़ताल की, इसमें केवल १८२ वास्तविक मतदाता थे। दिंढोसी निर्वाचन क्षेत्र में ५५२ मतदाता पहचान पत्र की जांच की तो इसमें केवल २९० ही असली थे।

उन्होंने आरोप लगाया, 'हर विधानसभा क्षेत्र में १५००० से २०००० जाली मतदाता पंजीकृत हैं। हर संसदीय क्षेत्र में ऐसे जाली मतदाताओं की संख्या सवा लाख से डेढ़ लाख तक है।'

निरूपम का दावा है कि ६ लोकसभा सीटों वाली मुंबई में बड़ी तादाद में फर्जी वोटर्स के नाम शामिल हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि एक ही चुनावी क्षेत्र में एक ही व्यक्ति के अलग-अलग चुनावी बूथों में कई सारे वोटर आईडी हैं।'

